Annual Prize Distribution 2018-19

Published on: July 23, 2019 – Dainik Jagran

Annual prize distribution ceremony for the junior section was held on July 22, 2019 for session 2018-19.

www.jagran.com जागरण सिटी लखनऊ लखनऊ, 23 जुलाई 2019 दैनिक जागरण III

पढ़ाई के साथ बच्चों की मुस्कान भी निखारें

जासं, लखनऊ: छोटे बच्चे जब मंच पर आते हैं तो उनकी प्रतिभा देखते ही बनती है। मौका मिले तो वे अपने भीतर छिपी प्रतिभा को बेझिझक सामने रखते हैं। कुछ ऐसा ही नजारा रहा एमिटी इंटरनेशनल स्कूल का। जहां कुछ नन्हे पांवों ने स्टेज पर खुलकर धमाल मचाया तो कुछ ने तबले पर अपनी अंगुलियों का जादू दिखाया।

सोमवार को गोमतीनगर स्थित एमिटी इंटर नेशनल स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद दैनिक जागरण के स्थानीय संपादक सदगुरु शरण अवस्थी ने अभिभावकों व शिक्षकों से कहा कि अपने बच्चों को अच्छे आचरण सिखाएं, अच्छा माहौल दें। बच्चे माता पिता और शिक्षक का ही अनुसरण करते हैं, इसलिए अच्छे कार्य करें, जिससे बच्चे भी उसे सीख राष्ट्र के निर्माता बनें। बच्चों पर पढ़ाई का बोझ न डालें। उनकी मुस्कान को निखारने पर जोर दें। जिस क्षेत्र में उनकी प्रतिभा हो, उस ओर उन्हें आगे बढ़ाएं। विभिन्न क्षेत्र में शानदार परफारमेंस वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। कॉलेज की प्रिंसिपल रचना मिश्रा बच्चों को प्रस्तुति की प्रशंसा की। इस दौरान बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

एमिटी स्कूल में पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों के साथ प्रधानाचार्या रचना मिश्रा व शिक्षिकाएं • जागरण